RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 02 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 230 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : जितेंद्र आव्हाड ने भारतीय चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए...



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# देरी से संघ नाराज... शिंदे ने फिर फोड़ा बम !

## महाराष्ट्र में कौन लेगा मुख्यमंत्री की शपथ, क्या महा 'खेला' है बाकी

**पीएम मोदी और शाह का फैसला होगा मंजूर- शिंदे**

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति की महाजीत के बाद क्या राज्य की राजनीति में सबसे बड़ा सियासी खेला बाकी है? यह सवाल इसलिए खड़ा हो रहा है क्योंकि राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने फिर से ऐसा बयान दिया है। जिसे सियासी तौर पर कई तरीके से देखा जा रहा है। ठाणे में मीडिया से बातचीत में शिंदे ने कहा कि सोमवार को महाराष्ट्र का सीएम तय होगा। सीएम शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जो भी फैसला लेंगे। वह मुझे मंजूर होगा। ऐसे वक्त पर सीएम शिंदे का यह कहना की मुख्यमंत्री का फैसला सोमवार को होगा। इससे सवाल खड़ा हो रहा है क्या बीजेपी नेतृत्व राज्य में फिर चौंकाएगा? महाराष्ट्र में महा सस्पेंस के बीच बीजेपी नेता रावसाहेब दानवे ने कहा है कि सीएम का नाम तय हो चुका है, सिर्फ केंद्रीय नेतृत्व की मुहर बाकी है।

**सबसे ज्यादा विधायकों का समर्थन**

महाराष्ट्र में बीजेपी की तरफ से देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री की दौड़ में स्वाभाविक दावेदार के तौर पर उभरे हैं। चुनाव नतीजे आने के बाद राज्य के सबसे ज्यादा नवनिर्वाचित विधायकों और दूसरे दलों के नेताओं ने फडणवीस से मुलाकात की है। ऐसे में जब शिंदे के सहयोगी फडणवीस इस रेस में सबसे आगे हैं तब वह उनका यह कहना कि पीएम मोदी और अमित शाह जो फैसला लेंगे। वह सियासी जानकारों को चौंका रहा है। राज्य में यह सब उस वक्त पर हो रहा है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्तर) के पूरे प्रकरण को लेकर नाराज होने की बात कही जा रही है।



**संघ भी देरी नहीं नाखुश है**

सूत्रों से जो जानकारी सामने आई है उसमें कहा गया है कि राज्य में मुख्यमंत्री को लेकर देरी हो रही है। उससे संघ खुश नहीं है। संघ इस बात से भी खुश नहीं है कि जानबूझकर फडणवीस के सामने मराठा मुख्यमंत्री होने की लॉबिंग की जा रहा है। फडणवीस के विकल्प के तौर पर कई नामों की चर्चा सामने आई है। इनमें बीजेपी के प्रदेश प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, विनोद तावड़े, चंद्रकांता पाटिल और मुरलीधर मोहोल के नाम शामिल हैं। इसमें तावड़े, पाटिल और मोहोल मराठा हैं जबकि चंद्रशेखकर बावनकुले ओबीसी से आते हैं। संघ इससे खुश नहीं है कि राज्य का मुख्यमंत्री ओबीसी या फिर मराठा होना चाहिए।

**क्या अभी सरप्राइज बाकी है?**

संघ की तरफ से देवेंद्र फडणवीस को सीएम पद का स्वाभाविक दावेदार माना जा रहा है। फडणवीस ब्राह्मण हैं। बीजेपी को 132 सीटें जिताने में फडणवीस की माइक्रोप्लानिंग को जिम्मेदार माना जा रहा है। मीडिया में आई रिपोर्ट में संघ के हवाले से कहा है कि फडणवीस नैचुरल च्वाइस हैं, लेकिन इसके बाद भी शिंदे ने अभी तक फडणवीस को खुला समर्थन नहीं दिया है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि महाराष्ट्र में अभी सबसे बड़ा सियासी खेला होना क्या बाकी है? बीजेपी ने इससे पहले कई राज्यों में चौंकाती आई है।

---

## डोंगरी इलाके में 27 वर्षीय फेरीवाले को कुचलकर मार डालने के आरोप में एक ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज...




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को वादी-बंदर के डोंगरी इलाके में एक 27 वर्षीय फेरीवाले को कुचलकर मार डालने के आरोप में एक ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ट्रेलर ने सो रहे फेरीवाले को कुचल दिया पुलिस के अनुसार, वादी-बंदर पुलिस कॉलोनी के पास डोंगरी इलाके में एक खाली मैदान पर कई लोग सोते हैं।उनमें से ज्यादातर फेरीवाले हैं जो दिन में सामान बेचते हैं। मृतक वसीम शेख की इलाके में नारियल की दुकान थी।

वह झारखंड के रहने वाले इस्माइल शेख, कादिर शेख, रफीक शेख, मोहम्मद शेख और कुछ अन्य लोगों के साथ वहां सो रहा था। आधी रात को एक ट्रेलर ने उस मैदान पर यू-टर्न लेने की कोशिश की। ऐसा करते समय, भारी वाहन ने पहले वसीम के हाथों को कुचल दिया। उसके साथ मौजूद अन्य लोगों ने ड्राइवर रोहित हरपाल सिंह यादव पर चिल्लाना शुरू कर दिया, लेकिन वह सुन नहीं पाया और गाड़ी आगे बढ़ा दी, जिससे वसीम की मौत हो गई। जब कई अन्य लोग खड़े होकर चिल्लाने लगे, तो यादव का ध्यान इस ओर गया और उसने ट्रेलर रोक दिया। यादव को फेरीवालों ने पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की, और उनमें से एक ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हमने ट्रेलर चालक को हिरासत में लिया है। वह उत्तर प्रदेश के ताजगंज का रहने वाला 27 वर्षीय व्यक्ति है।'

## वीडियो कॉल में उतरवाए कपड़े, महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 1.7 लाख रुपये

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में डिजिटल अरेस्ट का एक और मामला सामने आया है, जहां ठगों ने एक महिला को इसका शिकार बनाया है। उन्होंने महिला से 1.7 लाख रुपये ठग लिए। यही नहीं, साइबर ठगों ने वीडियो कॉल में उसे कपड़े उतारने के लिए भी मजबूर किया।

मुंबई के बोरीवली ईस्ट इलाके का है। पीड़ित महिला एक फॉर्मा कंपनी में काम करती है। जानकारी के अनुसार ठगों ने उससे पहली बार 19 नवंबर को और एक बिजनेसमैन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उसके शामिल होने का आरोप लगाया। ठगों ने उसको गिरफ्तार करने की धमकी भी दी।

**खाता वेरिफिकेशन के नाम पर ट्रांसफर कराए पैसे**

ठगों ने महिला को वीडियो कॉल के दौरान पूछताछ के लिए होटल में कमरा बुक करने के लिए कहा। इसके बाद बैंक खाता वेरिफिकेशन के नाम पर कॉल के दौरान ही उससे 1.7 लाख रुपये भेजने के लिए ठगों ने कहा। महिला डरकर वह सब कुछ करती रही, जो ठग कह रहे थे। फिर ठगों ने उससे कहा कि उसका बॉडी वेरिफिकेशन करना है, इसलिए कपड़े उतारे।



महिला को जब धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उसने पुलिस में मामले की शिकायत की। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने 28 नवंबर को मामले में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

इससे पहले, हाल ही में मुंबई में एक और डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया था, जब एक 77 वर्षीय महिला के एक पास करीब एक माह पहले अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आई, जिसमें साइबर ठगों ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ED) और मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया था। महिला को झूठे मामलों में फंसाकर उससे करोड़ों रुपये ऐंठ लिए गए थे। वहीं, एक अन्य मामले में साइबर स्कैमर ने मुंबई निवासी 75 वर्षीय रिटायर्ड शिप कैप्टन को शेयर मार्केट में हाई रिटर्न दिलाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### जीडीपी में तीव्र गिरावट के मायने...

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा गत सप्ताह जारी किए गए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों ने विश्लेषकों को चौंका दिया। अधिकांश लोगों को यह अंदेशा तो था कि मांग में कमी जीडीपी में भी नजर आएगी लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा था कि दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रह जाएगी जो सात तिमाहियों में सबसे कम दर है। रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्री खासतौर पर निराश होंगे क्योंकि उन्होंने अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में सात फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान पेश किया था। वित्त वर्ष की पहली छमाही में अर्थव्यवस्था केवल छह फीसदी की दर से बढ़ी थी और अब रिजर्व बैंक को पूरे वर्ष के लिए 7.2 फीसदी के वृद्धि अनुमान पर पुन: विचार करना होगा।

दूसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र ने वृद्धि पर असर डाला था। उस अवधि में उसमें साल-दर-साल आधार पर केवल केवल 2.2 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली थी जबकि पहली तिमाही में 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। निर्माण क्षेत्र में भी धीमापन आया और खनन क्षेत्र में भी। हालांकि कृषि क्षेत्र पिछले साल की समान अवधि के 1.7 फीसदी की तुलना में 3.5 फीसदी की दर से बढ़ा। अनुमान से कम वृद्धि दर ने नीति प्रबंधकों के लिए जटिलता बढ़ा दी है और कई सवाल पैदा किए हैं। यह बात ध्यान देने लायक है कि अगले आम बजट की प्रस्तुति के पहले ये जीडीपी के आखिरी आंकड़े हैं। यह सही है कि एनएसओ चालू वित्त वर्ष के पहले अग्रिम अनुमान जनवरी 2025 में जारी करेगा। इन अनुमानों में अतिरिक्त सूचना को शामिल किए जाने की संभावना सीमित होगी। चालू वर्ष की पहली छमाही का आर्थिक प्रदर्शन कम से कम दो अहम नीतिगत चुनौतियां पेश करता है।

पहली चुनौती है राजकोषीय प्रबंधन। ध्यान देने वाली बात है कि पहली छमाही में नॉमिनल वृद्धि दर 8.9 फीसदी रही। वर्ष के लिए बजट अनुमान 10 फीसदी के नॉमिनल वृद्धि अनुमानों पर आधारित हैं। अगर यही रुझान दूसरी छमाही में भी जारी रहता है तो विशुद्ध संदर्भों में राजकोषीय घाटे को निचले स्तर पर बनाए रखना होगा ताकि जीडीपी के 4.9 फीसदी तक के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। अगर मान लिया जाए कि राजस्व लक्ष्य हासिल होंगे तो इसका अर्थ होगा कम सरकारी व्यय। ताजा आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर तक केंद्र सरकार की कुल प्राप्तियां बजट अनुमान के 53.7 फीसदी थीं। गत वित्त वर्ष के दौरान तुलनात्मक स्तर 58.6 फीसदी था।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : जितेंद्र आव्हाड ने भारतीय चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर गंभीर आरोप लगाए हैं, उन्होंने हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से महत्वपूर्ण डेटा मिटाने का आरोप लगाया है। एनसीपी-एससीपी नेता ने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव डेटा को संभालने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद 4-5 महीनों के भीतर महाराष्ट्र में अचानक 46 लाख वोट सामने आए।



शनिवार को अव्हाड ने कहा, ''हम चाहते थे कि टेबल पर रखी मशीनों की फिर से गिनती हो और साथ ही डेटा भी। अब वे कह रहे हैं कि डेटा मिटा दिया गया है और वे नया डेटा दिखाएंगे, फिर से गिनती करेंगे और दिखाएंगे। तब इसमें कोई गलती नहीं दिखेगी, क्या यह मजाक है? जिस डेटा पर हमें संदेह है, उसे मिटा दिया गया है, तो क्या हम अंधे हैं? यह सब चुनाव आयोग ने किया है...लोकसभा चुनाव हारने के बाद वोट बढ़ गए। 4-5 महीने में 46 लाख वोट, सिर्फ महाराष्ट्र में।'' इस बीच, एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम वोटों में विसंगतियों पर चिंता जताई, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पास अपने दावों का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है।

शरद पवार ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, ''ऐसा पहली बार हुआ है, देश में हुए चुनावों ने लोगों को बहुत बेचैन कर दिया है, लोगों में निराशा है... हर दिन सुबह 11 बजे विपक्ष के नेता संसद में सवाल उठाते हैं। वे अपनी बात रखते हैं लेकिन संसद में उनकी मांगें नहीं मानी जा रही हैं और इसका मतलब है कि संसदीय लोकतंत्र का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह ठीक नहीं है और इसके लिए हमें लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करना होगा।''


## 70 वर्षीय महिला से 80,000 रुपये के सोने के आभूषण लूटे गए

**पुणे :** 70 वर्षीय महिला से हडपसर के कर्मवीर भाऊराव पाटिल चौक पर उनका सोने का मंगलसूत्र और अंगूठी लूट ली गई, जिसकी कीमत ₹80,000 आंकी गई है। हडपसर के कर्मवीर भाऊराव पाटिल चौक पर 70 वर्षीय महिला से उनका सोने का मंगलसूत्र और अंगूठी लूट ली गई, जिसकी कीमत ₹80,000 आंकी गई है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि वह उचित मूल्य की दुकान से कूपन लेकर घर लौट रही थी, तभी एक व्यक्ति उसके पास आया और उसने बताया कि एक व्यक्ति लड़की बहिन योजना के तहत पैसे बांट रहा है।

MIT के विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले कार्यक्रम के साथ अत्याधुनिक अकसमाधान बनाएँ अभी शुरू करें मौके पर आने के बाद, उसने उसे इंतजार करवाया, उसके कीमती सामान लूट लिए और भाग गया।

# वसई-विरार मैराथन में ओलंपियन साक्षी मलिक होंगी ब्रांड एंबेसडर...

## देश के शीर्ष धावकों के लिए बढ़ी पुरस्कार राशि...



**विरार :** वसई-विरार शहर महानगरपालिका मैराथन का 12वां संस्करण 8 दिसंबर को पूरे धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित मैराथन देशभर के धावकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बन चुकी है, जिसमें इस बार कुल 58.93 लाख रुपए की पुरस्कार राशि घोषित की गई है। वसई-विरार मनपा द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय स्तर की मैराथन भारतीय धावकों के लिए सर्वाधिक पुरस्कार राशि की पेशकश करने वाली प्रतियोगिता बन गई है। मुख्य आकर्षण और तैयारियां इस साल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक धावक को प्रसिद्ध स्पोर्ट्स ब्रांड बर्ग की ब्रांडेड रनिंग टी-शर्ट, थ्रीडी फिनिशर पदक, भरा हुआ गुडी बैग, गर्म नाश्ता और समय प्रमाण पत्र मिलेगा। साथ ही, बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए नि:शुल्क आवास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और पद्मश्री सम्मानित पहलवान साक्षी मलिक इस मैराथन की इवेंट एंबेसडर होंगी। उनकी उपस्थिति इस आयोजन को और भी खास बनाएगी।

फुल और हाफ मैराथन में देश के शीर्ष धावक हिस्सा लेंगे। पुरुषों की फुल मैराथन में सेना के प्रदीप सिंह और धनवंत प्रहलाद जैसे अनुभवी धावक भाग ले रहे हैं, जबकि महिलाओं की हाफ मैराथन में प्राजक्ता गोडबोले और फूलन पाल अपनी तेजी दिखाएंगी। मैराथन के दौरान धावकों की सुरक्षा और आराम का खास ख्याल रखा गया है।

# राशन किट के नाम पर हजारों महिलाओं से ठगी... 7 सदस्यीय गिरोह गिरफ्तार




**भिवंडी :** भिवंडी के वंजारपट्टी नाका निजामपुरा इलाके में हजारों महिलाओं को सस्ते राशन किट का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस धोखाधड़ी में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता आयशा जुबेर अंसारी की शिकायत के अनुसार, आरोपियों फैसल मंसूर अहमद शेख, अली सज्जाद जाफरी, मोहम्मद अफान अकबर अली अंसारी, शबनम शेख शबोरा मरियम, शाहीन और राहिला ने 1000 से 1200 महिलाओं को मात्र 500 रुपये में राशन किट देने का लालच दिया। महिलाओं से पैसे जमा कराए गए, लेकिन उन्हें कोई राशन किट नहीं दिया गया।

पुलिस जांच में पता चला कि गिरोह ने यह धोखाधड़ी योजनाबद्ध तरीके से की। महिलाओं के विश्वास का दुरुपयोग कर उन्होंने लाखों रुपए हड़प लिए। निजामपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 के कलम 318 (4),316 (2) 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की गहन जांच पुलिस उप निरीक्षक मुसले कर रहे है। ठगी का यह मामला सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे लालच भरे झूठे वादों से सतर्क रहें। इस घटना ने न केवल ठगी का शिकार हुई महिलाओं में आक्रोश पैदा किया है, बल्कि समाज में गरीब वर्ग की सुरक्षा और उनके साथ हो रहे धोखाधड़ी के मामलों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

# भायंदर : जल्दी ही मनपा चुनाव की संभावना...




**भायंदर:** विधानसभा चुनाव के बाद अब मनपा चुनाव की खबरें आ रही है। करीब 2 साल से मिरा भायंदर मनपा में मनपा आयुक्त की देख रेख में काम चल रहा है । मनपा आयुक्त संजय काटकर को यहां का प्रशासक नियुक्त किया गया है। अगस्त 2022 मे मनपा का कार्यकाल खत्म होने के बाद यहां पर अभी तक चुनाव नही हुए है। अब खबर आ रही है की शायद फरवरी 2025 मे मनपा के चुनाव हो सकते है। मनपा चुनाव की खबरें के साथ ही यहां के पूर्व नगरसेवकों के अलावा नगरसेवक बनने के इच्छुक लोग भी सक्रिय हो गये हैं। मनपा मे इसके पहले भाजपा की सत्ता थी वही अभी के माहौल को देखते हुए भाजपा ही यहां की सत्ता की प्रबल दावेदार दिख रही है। भाजपा यहां पर विधानसभा मे मिली जीत को भुनाने के चक्कर मे है इस वक्त शहर मे मतदाताओं मे भाजपा की हवा है भाजपा इसी का फायदा उठाना चाहेगी। शहर मे भाजपा के माहौल को देखते हुए इच्छुक उम्मीदवारों की भाजपा से उम्मीदवारी के लिए लंबी कतार दिख रही हैं। इच्छुक सभी उम्मीदवार अपनी अपनी तरह से उम्मीदवारी की जुगाड़ मे लग गये हैं। वही दो साल से जीन जन संपर्क कार्यालयों मे ताले लगे थे वह जन संपर्क कार्यालय अब वापस खुल गये है।

# मुंबई : प्रॉपर्टी टैक्स भरे नहीं तो लगेगा दो प्रतिशत जुमार्ना- मनपा

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने प्रॉपर्टी टैक्स के बकाये दारो से बकाया वसूली करने के लिए नोटिस देने के साथ संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू की है। मनपा ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने के लिए बिल भेज दिया है। संपत्ति र मालिकों को दिसंबर आखिरी तक बिल का भुगतान करना है। जनवरी महीने से बकाएदारों से दो प्रतिशत दंड वसूला जायेगा।

बता दें कि मनपा प्रशासन ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 का बिल संपत्ति मालिकों को भेज दिया है। प्रॉपर्टी टैक्स भरने की अंतिम समय सीमा 31 दिसंबर




है। यदि तय समय में टैक्स नहीं भरा तो प्रॉपर्टी टैक्स पर दो प्रतिशत ब्याज देना होगा। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने मनपा द्वारा मुंबई में प्रॉपर्टी टैक्स की नई दर निश्चित करने का प्रस्ताव वापस कर दिया था। जिसके बाद मनपा ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के लिए बिल भेजना शुरू कर दिया। मनपा ने छह-छह महीने का बिल संपत्ति मालिकों को भुगतान करने के लिए एक साथ बिल भेजा है।

नियमित टैक्स भरने वालों के साथ ही वर्षों से टैक्स न भरने वाले बकाएदारों से भी टैक्स वसूलने के प्रयास शुरू किया गया है। मंडप ने साल टैक्स से कुल वसूली का इस साल टारगेट 6650 करोड़ रखा है। मनपा ने इसके लिए मुंबई की 922000 हजार प्रॉपर्टी धारकों को बिल भेजा जा चुका है। अप्रैल से सितंबर तक के भुगतान की अंतिम तिथि 12 दिसंबर है। वहीं अक्तूबर से मार्च 2025 तक तक का टैक्स 31 दिसंबर तक भरना है। मनपा अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023-24 में 4500 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा था। जबकि मनपा ने 4689 करोड़ रुपए की वसूली की थी जो लक्ष्य से अधिक थी। इसी तरह मनपा ने 2022-23 में 4,800 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने का लक्ष्य रखा था।

## मुंबई : तकनीकी खराबी के कारण 1 से 5 दिसंबर तक शहर और उपनगरों में 10% पानी की कटौती

**मुंबई :** मुंबई बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पिसे गांव जल आपूर्ति संयंत्र में दबाव नियंत्रित गेट सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण परिचालन बाधित हुआ है, जिससे मुंबई शहर, उसके उपनगरों और ठाणे और भिवंडी की नगर पालिकाओं में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। 1 से 5 दिसंबर तक शहर और उपनगरों में 10% पानी की कटौती बीएमसी ने समस्या के समाधान के लिए तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया है, जो 2 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसके परिणामस्वरूप, 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति में 10% की कमी होगी।

# प्रदूषण बढ़ाने वाले आठ निर्माण कार्यों को मनपा का नोटिस... प्रदूषण रोकने के लिए सख्त कार्रवाई !

**मुंबई :** बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए मनपा ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मनपा ने जी दक्षिण वार्ड के अंतर्गत वर्ली प्रभादेवी महालक्ष्मी और एफ नार्थ माटुंगा वडाला और एंटोप हिल एरिया में कुल 8 निमार्णों को नो वर्क नोटिस जारी किया है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने बताया की वर्ली, प्रभादेवी, महालक्ष्मी, माटुंगा, वडाला, एंटॉप हिल क्षेत्र में कुल आठ निमार्णों को वर्क स्टॉप का नोटिस दिया है। पर्यावरण के नियमों का पालन नहीं करने पर लोगों को नोटिस दिए जाने की जानकारी दी गई। मनपा अधिकारी का कहना है कि भविष्य में यह कार्रवाई तेजी से की जाएगी। पिछले कुछ



वर्षों में देखा गया है कि नवंबर से मुंबई में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुंबई में बढ़ते प्रदूषण के लिए काफी हद तक 5000 से अधिक निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल है। इसलिए मनपा प्रशासन ने पिछले साल। 15 अक्टूबर को 27 प्रकार के नियमों की घोषणा की थी। इसी नियम के अनुसार मनपा की टीम ने वॉर्ड स्तर पर निमार्णों का निरीक्षण किया है और प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की है। मुंबई में बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई और प्रदूषण फैलाने वाले प्रोजेक्ट के खिलाफ कार्रवाई और तेज करने का निर्देश दिया। अश्विनी जोशी ने कहा कि मनपा प्रशासन ने निर्माण कार्य में लगे बिल्डरों से कहा है कि प्रदूषण न फैलने पाए इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन करें। पूरे निर्माण क्षेत्र को जूट या हरे कपड़े से ढंका जाना चाहिए, निर्माण स्थल पर स्प्रिंकलर होना चाहिए।

## समस्या को सुलझाने के लिए 10 लाख रुपये मांगे... तहसीलदार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई




**पुणे :** खेड़ तहसीलदार ज्योति देवरे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें राशन कार्ड धारक महेश लक्ष्मण नेहरे ने धमकाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मामले में पुनर्वास एवं रोजगार गारंटी योजना विभाग में पदस्थ एक वरिष्ठ ग्रेड क्लर्क से भी पूछताछ की जानी चाहिए। पुलिस के अनुसार, राशन कार्ड संबंधी समस्या को सुलझाने के लिए तहसीलदार से फिरौती मांगी गई थी। खेड़ तहसीलदार ज्योति देवरे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें राशन कार्ड धारक ने धमकाया है।

देवरे द्वारा शुक्रवार को दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, तहसील कार्यालय में आपूर्ति निरीक्षक अधिकारी के माध्यम से राशन कार्ड जारी किए जाते हैं। अधिकारी की देखरेख में एक राशन कार्ड 2015 से 2023 के बीच एक लाभार्थी को मिला था।

## मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को वांछित आरोपी' घोषित किया



**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को वांछित आरोपी' घोषित किया और हत्या में शामिल 26 अन्य लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत कठोर कार्रवाई की।

## 4 दिसंबर को वितरित की जाएंगी जंतु नाशक गोलियां...1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा सुरक्षा कवच

**ठाणे :** ठाणे मनपा का सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग 4 दिसंबर को राष्ट्रीय जंतुनाशक मुक्ति दिवस के अवसर पर जंतुनाशक मुक्ति अभियान चलाएगा। इस दिन 1 से 19 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को एल्बेंडाजोल की एक-एक गोली खिलायी जायेगी। बता दें कि यह गतिविधि आंगनवाड़ी केंद्रों, सभी सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, नगरपालिकाओं और निजी सहायता प्राप्त स्कूलों के साथ-साथ इस आयु वर्ग के सभी लड़कों और लड़कियों के लिए लागू की जाएगी। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी चेतना नितिल ने बताया कि यह गोली 1 से 6 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को आंगनवाड़ी से तथा 6 से 19 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को स्कूल एवं आश्रमशालाओं में दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो लोग 4 दिसंबर को गोली नहीं ले सकते, वे 10 दिसंबर को 'मॉप अप' दिवस पर इसे ले सकते हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी चेतना नितिल ने भी अपील की है कि इस सहयोग से जंतुओं को समाप्त करने में मदद मिलेगी। जंतुओं का संक्रमण मुख्य रूप से अस्वच्छ परिस्थितियों और प्रदूषण के कारण होता है। साथ ही दूषित मिट्टी के संपर्क में आने से भी कीड़े फैलते हैं। राउंडवॉर्म, व्हिपवर्म और हुकवर्म व्यापक रूप से फैले हुए हैं। जंतुओं से संक्रमित बच्चे कुपोषित और एनीमिया से पीड़ित होते हैं और हमेशा थकान महसूस करते हैं। जिसके कारण शारीरिक विकास और मानसिक विकास पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है।

# अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को ईडी का समन

## पोर्नोग्राफी मामले पर अब मुंबई ऑफिस होगी पूछताछ...



**मुंबई:** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा को ईडी ने समन भेजा है। पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा से पूछताछ के लिए ये समन भेजा गया है। राज कुंद्रा के घर और ऑफिस में रेड के बाद ये नया खुलासा हुआ है। ईडी की छापेमारी के बाद उन्हें जांच एजेंसी ने समन जारी किया है। कुंद्रा के अलावा अन्य आरोपियों को भी ईडी के दफ्तर में पेश होने के लिए समन गया है। खबरों की मानें तो आज यानी सोमवार को राज कुंद्रा से ईडी दफ्तर में पूछताछ की जाएगी।

**राज कुंद्रा पर लगे हैं आरोप**


राज कुंद्रा पर पोर्नोग्राफी मामले पर कई सारे आरोप लगे हैं। उन्होंने मोबाइल ऐप के जरिए अश्लील वीडियो बनाने और उसके डिस्ट्रीब्यूशन कर अवैध धंधे किए हैं। इस केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच ईडी कर रही है।

**पत्नी के लिए राज कुंद्रा ने कही ये बात**

इंस्टाग्राम स्टोरी पर राज कुंद्रा ने कुछ बातें लिखी हैं। उन्होंने लिखा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछले चार साल से जांच चल रही है। मैं इसका पूरा पालन कर रहा हूं। इस मामले को लेकर यही कहना है कि कोई सनसनी, सच्चाई को नहीं छिपा सकती है। आखिर में न्याय की जीत होगी।' आगे इस नोट में राज कुंद्रा लिखते हैं, 'मेरी पत्नी का नाम भी बार बार इस मामले में ना लिया जाए यह बात बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्लीज, हमारी बाउंड्रीज का सम्मान कीजिए'।

बता दें कि यह मामला राज कुंद्रा और अन्य आरोपियों की चार्जशीट से जुड़ी है। इन सभी को जमानत दे दी गई। ईडी ने इस साल की शुरूआत में क्रिप्टोकरेंसी मामले में कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी, लेकिन दंपति को ईडी के इस कुर्की आदेश के खिलाफ बंबई हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी।

# मुंबई: कुर्ला में बस डिपो के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत !



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई जिले के कुर्ला ईस्ट में एमएसआरटीसी बस डिपो के बाहर पानी से भरे गड्ढे में शनिवार दोपहर गिर जाने से छह साल के एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नेहरू नगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि बच्चे की पहचान उज्ज्वल सिंह के रूप में हुई।

वह निकटवर्ती मिलन नगर झुग्गी बस्ती में रहता था। इस घटना से गुस्साए निवासियों ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के प्रबंधन और बस डिपो के बाहर गड्ढा खोदने वाले ठेकेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है और इसकी जांच जारी है।

# बकायेदारों पर मनपा की कार्रवाई




**कल्याण :** नगर पालिका के 8/सी वार्ड में बकाया के कारण 5 दुकानों और क्रिटिकल केयर सेंटर को सील करने की कार्रवाई की गई, जिसमें डोंबिवली (पूर्व) 8/सी वार्ड क्षेत्र 8/सी वार्ड 6 आयुक्त संजय कुमार कुमावत, अधीक्षक, मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के निर्देशन में और कर निर्धारण एवं संग्रहण विभाग स्वाति देशपांडे के मार्गदर्शन, में, न होने के कारण बार-बार नोटिस के बावजूद संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर ज्ञानेश्वर कनखरे की टीम ने दिन में बड़ी कार्रवाई करते हुए बकाया संपत्तियों को सील कर दिया। इसमें डोंबिवली (पूर्व) नंदीवली रोड के गोविंद राजाराम पाटिल को 11,37,234/- रुपए बकाया होने पर सील कर दिया गया। इसके अलावा डोंबिवली (पूर्व) मानपाड़ा रोड पर लक्ष्मी निवास में क्रिटिकल केयर सेंटर की राशि रु। 7,16,743/- बकाया के रूप में सील कर दिया गया।

# कुर्ला में अवैध निर्माण गिराने के लिए मुंबई पुलिस बल उपलब्ध कराएं अडिशनल कमिश्नर- बॉम्बे हाई कोर्ट



**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने कुर्ला क्षेत्र में ऐसे निर्माण को संरक्षण देने वाले अंतरिम आदेश को हटा दिया है। जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस कमल खाता की बेंच ने संबंधित क्षेत्र के अडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस को तोड़क कार्रवाई के लिए बीएमसी अधिकारियों को जरूरी पुलिस बल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि यदि कमिश्नर को लगे कि स्थानीय पुलिस बल पर्याप्त नहीं है, तो वे स्टेट रिजर्व पुलिस के जवान उपलब्ध कराएं।

इससे पहले बीएमसी कमिश्नर ने बेंच को आश्वस्त किया कि तोड़क कार्रवाई को सात दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। जिस जगह अवैध निर्माण किया गया है, वहां पहुंचने का रास्ता काफी सकरा है। लिहाजा मजदूरों की मदद से ऐसे निर्माण को गिराना होगा। कार्रवाई की शुरूआत के लिए शीघ्रता से कदम उठाए जाएंगे। मगर इसके लिए पुलिस सुरक्षा की जरूरत होगी।


दरअसल, बीएमसी ने 22 अप्रैल 2016 को कुर्ला क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले राजेंद्र गोमई को निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। गोमई ने नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दी। तत्कालीन वेकेशन बेंच ने 11 मई 2016 को याचिकाकर्ता को मामले में यथास्थिति बरकरार रखने को कहा। यह आदेश समय-समय पर बढ़ता रहा। इस बीच याचिकाकर्ता ने इस आदेश की आड़ में स्ट्रक्चर के ग्राउंड फ्लोर पर 5 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्य किया। इस पर बीएमसी ने हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना की याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान गोमई के वकील ने कहा कि कोर्ट ने पहली मंजिल के स्ट्रक्चर को लेकर यथास्थिति का आदेश दिया था, जबकि उनके मुवक्किल ने ग्राउंड फ्लोर में निर्माण किया है। मगर कोर्ट ने इसे न्यायसंगत मानने से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता ने इस केस में न्यायिक प्रणाली को हल्के में लेने का प्रयास किया है। बेंच ने कहा कि वैसे भी यह एक दुर्लभ मामला है, जहां बीएमसी ने न्यायालय की अवमानना याचिका दायर कर न्यायालय के आदेश के उल्लंघन का मामला सामने लाई है।

# पड़ोसियों ने किया महिला और बेटी पर हमला




**नवी मुंबई :** पनवेल इलाके में पानी को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला और उसकी 18 वर्षीय बेटी पर उनके पड़ोसियों ने बेरहमी से हमला किया.
एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार एक चौंकाने वाली घटना में, जिसमें सार्वजनिक रूप से अपमान भी शामिल था, आरोपी ने कथित तौर पर झगड़े के दौरान किशोरी लड़की के कपड़े उतार दिए। एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार को हुई और हमले के लिए आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

# मुलुंड इलाके में पचास रुपए की लालच देकर नाबालिग का यौन शोषण



**मुंबई :** मुलुंड इलाके में एक चौकाने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक नाबालिग को पचास रुपए की लालच देकर उसे जंगल में ले जाया गया और उसके साथ यौन शोषण किया गया। घटना की जानकारी तब सामने आयी जब नाबालिग की तबियत खराब हुई और उसे अस्पताल में जांच के लिए ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि वह गर्भवती है। इसके मामला मुलुंड पुलिस थाने मेम दर्ज किया गया।

जानकारी के मुताबिक एक अज्ञात व्यक्ति ने 13 वर्षीय लड़की को पचास रुपए का लालच देकर उसके साथ यौन शोषण किया। घटना जंगल में हुई और बाद में मेडिकल जांच के बाद लड़की गर्भवती पाई गई। पुलिस ने यौन शोषण का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता 41 वर्षीय महिला अपने परिवार के साथ मुलुंड इलाके में रहती है और एक निजी कैटरिंग कंपनी में काम करती है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com